बॉर्डर टूरिज्म की दृष्टि से सांचू चौकी को किया जायेगा विकसित : मेघवाल

बीकानेर,(कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि बीएसएफ की सांचू चौकी को बॉर्डर टूरिज्म की दृष्टि से विकसित किया जायेगा। इसके लिए उच्च स्तर पर बैठक की गई है। सीमा दर्शन योजना के तहत इसकी डीपीआर स्वीकृत हो गई है। जल्दी ही इसकी राशि भी मंजूर करवाई जायेगी।

केन्द्रीय मंत्री मेघवाल बुधवार को सांचू में सीमाजन कल्याण समिति द्वारा तैयार प्रवेश द्वार के लोकार्पण समारोह के दौरान यह बात कही। मेघवाल ने कहा कि सांचू को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वे इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भी वार्ता कर चुके हैं। बॉर्डर टूरिज्म के मध्यनजर बीकानेर जिला और जिले में सांचू सबसे उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार इसके लिए प्रयासरत है। मेघवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंधु जल समझौता रद्द किया। इससे पाकिस्तान जाने वाला पानी अब राजस्थान, जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और गुजरात को मिलेगा।

इसमें सबसे अधिक लाभ राजस्थान तथा राजस्थान में खाजूवाला और सीमांत क्षेत्र को होगा। उन्होंने कहा कि सेंट्रल वॉटर कमीशन इस दिशा में सतत रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां दुर्लभ प्रजातियों के वल्चर पाये जाते हैं। इस कारण इसे फ्लोरा फोना के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर कार्य किया जायेगा।

सांचू में सीमाजन कल्याण समिति द्वारा तैयार प्रवेश द्वार के लोकार्पण समारोह को केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में देशी विदेशी पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होगा।

इस अवसर पर ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष एम.एस. बिट्टा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रामाचार्य महाराज, बीएसएफ के सेवानिवृत्ति आईजी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, डीआईजी अजय लूथरा, सीमजन कल्याण समिति के राजेश लदरेचा, गोपाल गहलोत, रविशेखर मेघवाल, गुमान सिंह राजपुरोहित, चम्पालाल गेदर, बीकानेर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया, श्यामसुंदर सोनी, नरेश मित्तल, विनोद बाफना, के. के. मेहता, विनोद गोयल, सीमाजन कल्याण समिति अध्यक्ष धनपत राय बाफना, राजेन्द्र जोशी, मांगीलाल सुथार, भंवरलाल चांडक, किशोर सर, किशनलाल बोथरा, कालूराम परिहार, संजय गोयल, किशन मूंधड़ा, निर्मल पारख, राजाराम सारडा, दिलीप रंगा, बलवंत डोगरा, टीकूराम चौधरी, विनोद जोशी, विनोद शर्मा, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

महाविद्यालय भवन का लोकार्पण : केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बुधवार को गोडू में राजकीय महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने 2024-25 योजना के तहत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडू के सुदृढ़ीकरण के लिए 32.76 लाख रूपए के कार्यों का लोकार्पण भी किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा शिक्षा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सतत कार्य किए जा रहे हैं। गोडू में बना महाविद्यालय भवन उच्च शिक्षा को नए आयाम देगा। उन्होंने महाविद्यालय की चारदिवारी बनाने तथा यहां कंप्यूटर लैब के लिए दस लाख रूपए की लागत से कंप्यूटर मुहैया करवाने की घोषणा की। केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि पीएम श्री स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं के

■ **बॉर्डर टूरिज्म के मध्यनजर बीकानेर जिला और जिले में सांचू सबसे उपयुक्त**

विकास के साथ अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह विद्यालय वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां बड़ा हॉल बनाया जायेगा, जो कि सह शैक्षणिक गतिविधियों में लाभदायक साबित होगा।

तिरंगा यात्रा का निमंत्रण : बीकानेर भारतीय जनता पार्टी देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने नाल ग्राम में मीटिंग कर स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व होने वाली तिरंगा यात्रा का निमंत्रण दिया। मेघवाल ने कहा कि बीकानेर बीछवाल मंडल द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल होंगे। ये कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है।

सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा को लेकर आमजन के मन देशभक्ति का जज्बा है। जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, खाजूवाला विधायक विश्वनाथ मेघवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी, महामंत्री तोलाराम कूंकणा ने बीछवाल मंडल के ग्राम नाल, कावनी, बदरासर, कावनी, लाखुसर, कालासर, धोलेरा, कानासर, हुसंसर, पेमासर में सघन जनसंपर्क कर तिरंगा यात्रा में आने का निमंत्रण दिया।

पीटी, घूमर और डांडिया नृत्य का पूर्वाभ्यास

बीकानेर, (कासं)। एम. एम. ग्राउंड एवं विभिन्न स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में पीटी अभ्यास, घूमर-डांडिया नृत्य, समूह गान तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का व्यापक अभ्यास चल रहा है।

उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा अनिल बोड़ा ने सभी गतिविधियों का सूक्ष्म निरीक्षण कर अधिकारियों और शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। इस आयोजन में लगभग 480 छात्र-छात्राएं और कई शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ भाग ले रहे हैं। ड्रम पर शिवराज सिंह शेखावत और सुशील स्वामी की तान के साथ माइक प्रभारी रामकुमार पुरोहित व दिलीप सिंह तथा लाइन प्रभारी रोहित बिश्नोई, विक्रम रंगा और गिरिजा शंकर हर्ष सहित अन्य शिक्षक पूरी तत्परता से दायित्व निभा रहे थे।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश मंत्री और शारीरिक शिक्षक रवि आचार्य भी पूरे मनोयोग से अभ्यास को सफल बनाने में जुटे थे। साथ ही लेडी एल्गिन स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के सांस्कृतिक उत्सव के तहत घूमर और डांडिया नृत्य का अभ्यास भी चल रहा है। जिसका निरीक्षण अनिल बोड़ा ने खेल प्रभारी रामकुमार पुरोहित और रामेन्द्र हर्ष के साथ किया। इस नृत्य अभ्यास में 100 से अधिक छात्राएं भाग ले रही हैं और सभी उत्साह के साथ अपनी भूमिका निभा रही हैं।

करणी सिंह स्टेडियम में सभी सामूहिक अभ्यास एक ही स्थान पर केंद्रित हो गए हैं। भारतीय परंपरागत अभ्यास पहले से यहीं पर होते आ रहे हैं। जबकि योग, पीटी, घूमर-डांडिया के अभ्यास आज से यहीं शुरू हुए।

सार-समाचार

बाइक रैली दिया देशभक्ति का संदेश

कलेक्टर नम्रता वृष्णि व एस.पी. कावेन्द्र सागर ने बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

बीकानेर, (कासं)। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय तिरंगा बाइक रैली गुरूवार को मेजर पूर्ण सिंह सर्किल से निकली। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले देशभक्तों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना हमारा कर्त्तव्य है। इस भाव को अक्षुण्ण रखने और वीरों की गाथा को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति इसमें भागीदारी निभाए। रैली यहां से रवाना होकर रविन्द्र रंगमंच, कलेक्ट्रेट परिसर, जूनागढ़, कीर्ति स्तंभ होते हुए डॉ. करणी सिंह स्टेडियम तक पहुंची। यहां पहुंचने पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें आमजन ने देशभक्ति से जुड़ी भावनाएं उकेरी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि रैली के दौरान 'हम एक साथ हैं' की भावना के साथ प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रवाद का संदेश दिया गया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऋतुराज महला, राजीविका के जिला विकास प्रबंधक दिनेश मिश्रा, अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) रामावतार कुमावत, अतिरिक्त कलेक्टर (शहर) रमेश देव, नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा तथा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र शर्मा सहित विभिन्न अधिकारी शिक्षक कार्मिक और आमजन मौजूद थे।

हर घर तिरंगा यात्रा निकाली

डूंगर कॉलेज में एनसीसी, एनएसएस, रेंजर तथा रोवर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा यात्रा निकाली।

बीकानेर, (कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर में 'हर घर तिरंगा यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा के प्रारंभ में मुख्य अतिथि बीकानेर विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. कुलराज मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा हमारे स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक है। इसके गौरव को बनाए रखने हेतु प्रत्येक भारतवासी को सदैव कर्मरत रहना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है। इसके सम्मान हेतु प्रत्येक नागरिक को अपने उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना आवश्यक है। संबोधन के बाद मुख्य अतिथि डॉ. मीणा एवं प्राचार्य डॉ. पुरोहित ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में झंडे उपलब्ध करवाने के लिए बजरंग भांभू को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य, एनसीसी, एनएसएस, रेंजर तथा रोवर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा रूट का लिया जायजा

भाजपा प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पूनिया, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने तिरंगा यात्रा रूट का जायजा लिया।

बीकानेर,(कासं)। भारतीय जनता पार्टी देहात तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को 11 बजे नाल पुलिस थाने से रवाना होकर गंगासिंह विश्वविद्यालय तक जायेगी। आज प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पूनिया, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, विधायक धोंद गोवर्धन वर्मा, सिद्धि कुमारी, जेठानंद व्यास के साथ तिरंगा यात्रा के स्थल ओर रूट का जायजा लिया और व्यवस्था में लगे संबंधित व्यक्तियों को दिशा निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने बताया कल की तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता आमजन शामिल होंगे, जिसको लेकर आज तैयारियों का जायजा लिया है।

डिलीवरी के 7 दिन बाद महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

बीकानेर, (कासं)। नोखा में रहने वाली एक महिला की डिलीवरी के 7 दिन बाद मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। इसके बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया गया।

महिला ने 5 अगस्त को काकड़ा गांव के सरकारी अस्पताल में बेटे को जन्म दिया था। तबीयत बिगड़ने पर उसे नोखा के प्राइवेट नर्सिंग होम में रेफर कर दिया गया। वहां भी हालत नहीं सुधरी तो पीबीएम अस्पताल भेजा जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने प्राइवेट नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इसके बाद 3 डॉक्टर के बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया।

महिला के पति राकेश बिश्नोई ने जसरासर थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दी है। जिसमें बताया कि रेणु पत्नी

■ **परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर किया हंगामा, मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम**

राकेश बिश्नोई को 5 अगस्त को प्रसव पीड़ा होने पर काकड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गए। जहां उसी दिन शाम 4 बजे डिलीवरी हुई। इस दौरान टांके लगाने में हुई गड़बड़ी के बाद नोखा के प्राइवेट अस्पताल ले जाने के लिए कहा गया।

इसके बाद परिजन प्रसूता को लेकर रात करीब साढ़े 8 बजे नोखा के सुराणा नर्सिंग होम पहुंचे। इसके बाद 6 अगस्त को सुराणा नर्सिंग होम नोखा से 12.30 बजे छुट्टी दे दी गई। इसके बाद प्रसूता लेकर परिजन वापस अपने गांव आ गए। इसके बाद 11 अगस्त को वापस तबीयत खराब हुई तो सुराणा नर्सिंग होम में कॉल किया। उन्होंने अगले दिन 12 अगस्त को सुबह आने के लिए बोला। 12 अगस्त को सुबह सुराणा नर्सिंग होम गए तो वहां से तुरंत बीकानेर के पीबीएम अस्पताल भेज दिया गया। जहां पहुंचने पर डॉक्टर्स ने रेणु को मृत घोषित कर दिया। बुधवार को रेणु का पोस्टमॉर्टम 3 डॉक्टर्स के बोर्ड के माध्यम से करवाया गया। महिला के पति राकेश ने पुलिस को दिए पत्र में नर्सिंग होम के स्तर पर हुई लापरवाही की जांच करने की मांग की है। पुलिस ने फिलहाल इस मामले में जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम से पहले बड़ी संख्या में ग्रामीण मोर्चरी पर एकत्रित हो गए। जहां पहुंची जसरासर पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

विधवा के घर का बिजली कनेक्शन 6 साल बाद जुड़ा

बीकानेर, (कासं)। पिछले 6 साल से बिना बिजली जीवनयापन करने वाली विधवा महिला का घर अब बिजली से रोशन होगा।

इसके लिये पूर्व पार्षद मनोज विश्नोई का संघर्ष आखिरकार काम आया और बिजली कंपनी ने विश्नोई की शर्तों पर हामी भरते हुए विधवा के घर बिजली कनेक्शन वापस चालू करने तथा पांच किश्तों में बकाया राशि जमा करने पर सहमति प्रदान कर दी है। दो दिनों में कंपनी की ओर से कनेक्शन को शुरू कर मीटर लगा दिया जायेगा। इसको लेकर मंगलवार को बिजली कंपनी के अभियंता व उच्चाधिकारियों की मुख्य कार्यालय में विश्नोई व विधवा अंजू सोनी से वार्ता की।वार्ता में विधवा की ओर से दो मांगों के निस्तारण की गुहार लगाई गई थी। जिस पर सहमति जताते हुए अधिकारी राजी हो गये और बकाया चालीस हजार रूपये पांच किश्तों में जमा करवाने की बात कही।

बिजली समस्या से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में पदमपुर उपखंड के बींझबायला क्षेत्र में बिजली की खराब व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। बुधवार को वार्ड संख्या 6, 7 और 8 के ग्रामीण बड़ी संख्या में बींझबायला स्थित ग्रिड सब-स्टेशन (उएए) पहुंचे और बिजली निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई महीनों से इलाके में लो-वोल्टेज और कभी-कभी हाई-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे कई घरों में टीवी, पंखे, फ्रिज जैसे कीमती उपकरण जल चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है, लेकिन विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि दो दिन पहले ही इस संबंध में उप तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें बिजली लोड को सही करने और

■ **लो-वोल्टेज और कभी-कभी हाई-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे कई घरों में टीवी, पंखे, फ्रिज जैसे कीमती उपकरण जले**

नए ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की गई थी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे नाराज होकर ग्रामीणों को प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने कहा कि विभाग को कई बार मौखिक और लिखित रूप से शिकायतें की गई लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिले। हर बार अधिकारी कहते हैं कि जल्दी समाधान होगा, लेकिन हकीकत में कोई काम नहीं होता है।

गंगानगर में 50 स्कूलों के जर्जर भवन होंगे ध्वस्त

श्रीगंगानगर, (कासं)। स्कूली छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिला निष्पादन समिति ने 50 राजकीय स्कूलों के जर्जर भवनों को गिराने की मंजूरी दी है।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक अरविंद्र सिंह के अनुसार इन स्कूलों में जर्जर कक्षा कक्ष, रसोई घर, आंगनबाड़ी केन्द्र, क्षतिग्रस्त चारदीवारी और शौचालय शामिल हैं। यह निर्णय एसडीएमसी से प्राप्त प्रस्ताव और जिला परियोजना कार्यालय के सहायक अभियंता की अनुशंसा के आधार पर लिया गया। ब्लॉकवार विवरण के अनुसार सूरतगढ़ में 23, रायसिंहनगर में 14, अनूपगढ़ में 6,

■ **सूरतगढ़ के राठी स्कूल में सबसे ज्यादा 15 कमरे खतरनाक स्थिति में है दईदासपुरा में 12 कमरे जर्जर हैं**

सादुलशहर और करनपुर में 2-2, घडसाना में 1 तथा गंगानगर में 2 स्कूलों के भवन गिराए जायेंगे। सबसे खराब स्थिति रामदयाल राठी राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल, सूरतगढ़ की है, जहां 15 कमरे जर्जर हैं।

इसके बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दईदासपुरा में 12 कक्षाएं खस्ताहाल स्थिति में हैं।

टूटी सड़क जानलेवा बनी

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर पूर्व विधान सभा का वार्ड नंबर 49 का अति व्यस्तम मार्ग रानी बाजार पुलिया से 7 नंबर रोड की तरफ दिन में सैकड़ों भारी वाहन, रोडवेज बसें लोक परिवहन, छोटे वाहन आदि प्रतिदिन गुजरते हैं। इस मार्ग के केजी कांप्लेक्स से कुछ दूरी पहले ओर शनि मंदिर के पास सीवर लाइन जाम होने से पिछले 20 दिन से ओवरफ्लो गंदे बदबूदार पानी से सड़क टूटकर बड़ा गड्ढा बन गया है।

बड़े वाहनों से पानी उछलकर छोटे वाहन के राहगीरों पर गिरता है। कई दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे है, लेकिन किसी की हिम्मत नहीं कि इसे प्रशासन में बैठे बड़े अधिकारी इस ओवरफ्लो सीवर जाम को ठीक करवा दे। सड़क टूट रही है, बड़े बड़े गड्ढे बन रहे है तथा लोग गिर रहे है।

'रेगुलेशन में 1 समूह में पानी देने का फैसला किसान विरोधी'

बीकानेर, (कासं)। पूर्व ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इं.गा.न.प. क्षेत्र के किसानों के लिए 12 अगस्त को जारी किए गए रेगुलेशन में 3 समूह में से 1 समूह में पानी चलाने का फैसला किया गया है, यह किसान विरोधी निर्णय है।

वर्तमान में पोंग बांध का जलस्तर अपने अधिकतम जलभराव स्तर 1378 फीट पर है, व सरप्लस पानी को पाकिस्तान की तरफ छोड़ा जा रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में किसानों को सिंचाई हेतु पानी की सख्त आवश्यकता है। किसानों की मांग 4 समूह में से 2 समूह में पानी चलाने की है जिससे किसानों को 8.5 दिन में पुनः पानी मिल सकता है, ताकि फसलें बच

■ **पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि सरकार किसानों की जायज मांगों को अनदेखा कर उन्हें मजबूर कर रही है कि वे सड़कों पर उतरें**

सकें और खेत सूखे ना पड़े। लेकिन सरकार किसानों की जायज मांगों को अनदेखा कर रही है और उन्हें मजबूर कर रही है कि वे सड़कों पर उतरें।

भाटी ने राज्य सरकार से मांग है कि पोंग डैम की अधिकतम जलभराव की उपलब्धता को ध्यान में रखकर किसानों को 3 समूह में से 1 समूह में पानी देने के रेगुलेशन को तत्काल परिवर्तित कर 4 समूह में से 2 समूह में पानी देने का रेगुलेशन जारी किया जाए जिससे इं.गा.न.प. क्षेत्र के किसानों की फसलों को बर्बाद होने से बचाया जा सके। इं.गा.न.प. क्षेत्र के किसानों को 04 समूह में से 02 समूह में पानी चलाने की जायज मांग का यदि समय रहते संशोधित रेगुलेशन जारी नहीं किया जाता है तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बज्जू व श्रीकोलायत के द्वारा 18 अगस्त को प्रातः 11 बजे संभागीय आयुक्त कार्यालय बीकानेर में विरोध-प्रदर्शन कर किसानों की मांगों को रखा जायेगा।

छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव

बीकानेर, (कासं)। छात्रसंघ चुनावों की बहाली की मांग को लेकर एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष सुन्दर बैरड़ के नेतृत्व में छात्र चेतना यात्रा का आयोजन गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक छात्रों द्वारा पैदल मार्च निकाल कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया गया।

छात्रों की मांग है कि लम्बे समय से छात्रसंघ चुनावों पर रोक लगी हुई है, जिससे छात्रों की लोकतांत्रिक भागीदारी और उनकी समस्याओं को उचित मंच नहीं मिल पा रहा है। बैरड़ की मांग है कि सरकार और प्रशासन छात्रसंघ चुनाव तत्काल बहाल करें।

इस अवसर पर एनएसयूआई के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने कहा कि यह केवल चुनाव की लड़ाई नहीं बल्कि छात्रों की आवाज़ और उनके अधिकारों की बहाली की लड़ाई है। अगर सरकार ने जल्द ही चुनाव की घोषणा नहीं की तो यह आंदोलन

बीकानेर में एनएसयूआई ने नोखा विधायक सुशीला डूडी के नेतृत्व में छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया।

सम्पूर्ण राज्य में ओर तेज़ होगा। एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष सुन्दर बैरड़ ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव नहीं होने से छात्रों की आवाज़ को मंच नहीं मिल रहा है, जिससे कॉलेज में छात्रों की समस्याएं जैसे फीस, हॉस्टल, लाइब्रेरी, सुरक्षा, कैन्टीन आदि मुद्दों को छात्रसंघ प्रशासन के सामने प्रभावी ढंग से नहीं रख सकता है।

■ **सरकार ने जल्द ही चुनाव की घोषणा नहीं की तो यह आंदोलन सम्पूर्ण राज्य में ओर तेज़ होगा**

नोखा विधायक सुशीला डूडी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव छात्रों को लोकतंत्र की बुनियादी समझ और उसमें भाग लेने का वास्तविक मौका देता है। इससे वे भविष्य में अच्छे नागरिक और जागरूक मतदाता बनते हैं। देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि छात्रसंघ चुनावों के माध्यम से छात्रों में नेतृत्व, निर्णय लेने, संवाद और टीम वर्क जैसे जीवन के लिए जरूरी गुण विकसित होते हैं।

पुरानी आबादी का हिस्ट्रीशीटर प्रमोद गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। पुलिस ने मादक पदार्थों और अवैध हथियारों की धरपकड़ के विशेष अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस थाना पुरानी आबादी की टीम ने हिस्ट्रीशीटर प्रमोद उर्फ पोदी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के अनुसार थानाधिकारी ज्योति नायक के निर्देशन में सब इंस्पेक्टर हेतराम और उनकी टीम ने कार्रवाई की। टीम ने कुंज विहार पुरानी आबादी से आरोपी को पकड़ा। 25 वर्षीय प्रमोद कब्रिस्तान के पास रहता है। उसके पास से एक अवैध देसी पिस्तौल बरामद की गई है।

आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रमोद पर पहले से ही मारपीट, जुआ, सट्टा, चोरी और छीनाझपटी समेत 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन सभी में चालान पेश किया जा चुका है।

सियाणा भैरव मेला 29 को : सियाणा भैरू का मेला 29 अगस्त को भरेगा। दो दिवसीय मेले में सड़क, चिकित्सा, बिजली और पुलिस व्यवस्था की मांग की गई है। मांग पत्र सियाणा भैरव नवयुवक सेवा समिति ने मंगलवार को कलेक्टर को सौंपा। पत्र में अवगत करवाया कि दो दिवसीय मेले में हजारों श्रद्धालु आते हैं। यहां आने वाली सड़क क्षतिग्रस्त है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है।

नाम परिवर्तन

मैं SASHI KANT DHOL KHERIA निवासी बीकानेर मेरी पुत्री यशवी धोलखेड़िया के विद्यालय में मेरा नाम SHASHI KANT DHOL KHERIA दर्ज है। जो गलत दर्ज हो गया है। मेरा सही नाम SASHI KANT DHOL KHERIA है जो मैं स्कूल रिकार्ड में दर्ज कराना चाहता हूं भविष्य में मुझे SASHIKANT DHOL KHERIA के नाम से जाना जावे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियमन/2025/4271 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 13/08/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 03 के किला नं. 09 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती नीतू बाला पत्नी सुरेन्द्र कुमार उर्फ लखपत राय निवासी सादुलशहर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती नीतू बाला पत्नी सुरेन्द्र कुमार उर्फ लखपत राय निवासी सादुलशहर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 03 के किला नं. 09 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 09.08.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 68 के किला नं. 03 में भूखण्ड संख्या का माप 20'6' गुणा 25'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री कृष्णा कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद निवासी 1/26 दुर्गा विहार श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री कृष्णा कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद निवासी 1/26 दुर्गा विहार श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 68 के किला नं. 03 में भूखण्ड संख्या का माप 20'6' गुणा 25'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 16932787 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर